राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2360
ओमेर्टा
World Terrorism
आतंकहर्ता
नागराज
Hament
Moin

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

ओमेर्टा

भाग 4

राज कॉमिक्स है मेरा **जनून!**

आतंकहर्ता नागराज

मैंने कभी नहीं सोचा था कि लोहे से लड़कर कानून की गिरफ्त में किसी जेल में बैठूंगा मैं।

क्या आतंकवाद से लड़ना एक जुर्म है? क्या एक मुजरिम है नागराज?

विश्व आतंकवाद की जड़ें उखाड़ता हुआ नागराज इटली के शहर रोम आ पहुंचा। नागराज को खत्म करने के लिए रोम के माफिया ने बना डाला चक्रव्यूह! ट्रेवी फाउंटेन का घातक हमला। अरिना में ग्लेडिएटर्स फाइट। फ्री-फॉल में पॉवर जम्पर के रूप में झपटती मौत। अपराध जगत की दो कुख्यात हस्तियों के बच्चों की शादी। नागराज अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह के हर दरवाजे के परखच्चे उड़ाता चला गया। दुश्मनों के बीच कुछ दोस्त भी बने। टैक्सी ड्राइवर झप्पी सिंह। वकील सिल्वियानो। अंकल डेको! मगर आखिर दुश्मनों की चाल कामयाब रही। नागराज उनकी शतरंज की चाल के बीच फंसकर हो गया अरैस्ट! तो क्या विश्व आतंकवाद के सफर को लग जाएगा झटका? या नागराज तोड़ डालेगा दुश्मनों का ये चक्रव्यूह भी। आइए पढ़ते व देखते हैं इस प्रस्तुत कॉमिक में-

परिकल्पना	लेखक	चित्रांकन	इंकिंग
विवेक मोहन, क्षितीश	संजय गुप्ता, तरुण कुमार वाही	हेमन्त	जगदीश कुमार
इफेक्ट्स	**डिजिटल कैलीग्राफी**	**सह सम्पादक**	**सम्पादक**
प्रवीन सिंह	अमित कटेरिया	मंदार गंगेले	मनीष गुप्ता

आतंकवादियों का असली हथियार बंदूकें या गोला-बारूद नहीं होता।
उनका असली हथियार होता है आतंक!
दिमाग का बारूद खर्च करके टारगेट चुना जाता है....
वूऊ SSS
वूऊ SSS
वूऊ SSS
...और उसे निशाना बनाया जाता है।
स्पूSSSशSSS
कितना आतंक मचेगा...
...ये बम या बारूद का धमाका नहीं, बल्कि ये तय करता है कि शिकार कौन हुआ? और कितनी क्रूरता से हुआ?
वूऊ SSS
बूम्म
आज के इस धमाके में मरने वाला था मजिस्ट्रेट जेनसन हेनर!

...श्किल काम को टारगेट करना कुछ लोगों के लिए आसान था।
इसे कहते हैं एक तीर से दो निशाने!
केपो रैंगटो हमारे शूटर की गोली से मारा गया।
और नागराज उसकी हत्या के इल्जाम में गिरफ्तार हो गया।
लेकिन शह और मात के इस खेल में हमें अपना खिलाड़ी भी गंवाना पड़ा।
एंटोनिनो पागल कुत्ते की तरह अपने बेटे और बहू के हत्यारों की तलाश कर रहा है।
वो कभी नहीं जान पाएगा कि ये काम हमने करवाया था क्योंकि इटली में हमारे कई और बड़े दुश्मन गैंग भी हैं। गैंगवार में कभी हमारा तो कभी उनका दांव भी चल जाता है। और केपो रैंगटो के कत्ल के इल्जाम में नागराज तो पकड़ा ही गया है।
जो भी हो। हमारा काम हो गया। हमने उसे अपने बैंकर का राजदार नहीं बनने दिया।
अब हमें नागराज के खात्मे के बारे में सोचना है...
....वो छलावा है। वो ऐसा शख्स है जिसके सामने पहुंचकर मौत भी अपना सिर पीट लेती है। अपने हाथ मलती है। वो तभी मर सकता है जब वो खुद चाहे।
मैं नागराज को ऐसी मौत देना चाहता हूं कि वो उससे भाग ना पाए।
मैं उसे कानूनी मौत के चक्रव्यूह में फंसा देना चाहता हूं।

नागराज के अरैस्ट होने की खबर उड़ गई।
नागराज अरैस्ट!
सिल्वियानों को जैसे उस खबर पर विश्वास नहीं हो रहा था।
अ...अंकल! अंकल!
आओ सिल्वो! जरूर नागराज के साथ कोई अनहोनी हुई है?
नागराज पर कत्ल का आरोप!!
नागराज को कत्ल के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है अंकल।
मैं रेडियो पर उस नेक मजिस्ट्रेट जेनसन हेनर के ब्रूटल मर्डर की खबर सुन चुका हूं।
उस खबर का नागराज की गिरफ्तारी से क्या ताल्लुक है?
माफिया नागराज पर हावी होने की कोशिश कर रहा है।

जज हेनर देश की V.I.P. हस्तियों के केस हेंडिल करने में माहिर थे। बड़ी बात ये थी कि वो ईमानदार थे।
नागराज का केस उन्हीं के पास आने वाला था।
शायद इसीलिए उन्हें बम से उड़ा दिया गया है।
और अब जो भी जज उनकी जगह लेगा, इस बात की गारंटी है कि वो माफिया का खरीदा हुआ होगा।
अब कुछ नहीं हो सकता। नागराज फंस चुका है। उसे कानूनी दांव-पेंचों में उलझाकर मार डाला जाएगा।
नागराज को कुछ नहीं होगा। मैं एडवोकेट टर्नर से बात करती हूं। वो नागराज का केस लड़ेंगे।
पांच सेकेंड्स में ही सिल्वियानो ने फोन डिस्कनेक्ट कर दिया।
क्या हुआ? क्या देश का सबसे बड़ा एडवोकेट लेकोले-डी-टर्नर फोन पर नहीं मिला?
उसकी सेक्रेटरी ओलिया मिली।
एडवोकेट टर्नर नागराज के अभियोजन पक्ष की ओर से केस लड़ने वाले हैं।
ESiti Forum

मतलब पूरी तैयारी है नागराज को कानूनी दांव-पेंचों में उलझाकर जेल की काल-कोठरियों में गर्क करने की!
नहीं। ऐसा नहीं होगा...
...ऐसा नहीं होगा!
इटली की जनता भी ऐसा कह रही थी।
नहीं! ऐसा नहीं होगा!
वो विश्व आंतकवाद का दुश्मन है। उसने किसी को मारा भी है तो वो आंतकवादी होगा।
वो रक्षक है।
नागराज को छोड़ दो।
वो हत्यारा नहीं है।
प्रेजीडेंट साब के साथ गृहमंत्रालय और इंटैलीजेंस ब्यूरो के उच्चाधिकारियों की विशेष आपातकालीन मीटिंग हुई।
वो सारी दुनिया का है।
हां! उसका उद्देश पवित्र है।
नागराज भारतीय है। लेकिन फिर भी वो किसी एक देश का नहीं।
इटली में नागराज की गिरफ्तारी हमें विश्व के कई देशों की नजरों में गिरा देगी।

खुद इटली के वे लोग ये विश्वास करते हैं कि नागराज किसी की हत्या नहीं कर सकता।
आप सब गणमान्य मुझसे क्या चाहते हैं?
प्रेजीडेंट साब। हम चाहते हैं कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और नागराज को अविलम्ब छोड़ने के ऑर्डर जारी करें।
हमारी भी यही राय है।
देश के संविधान के प्रति मेरा कर्त्तव्य मुझे ऐसा करने की इजाजत नहीं देता।
मुझे अपने पद की गरिमा का मान रखना होगा।
यदि नागराज निर्दोष है तो अदालत में वो निर्दोष साबित होकर बाइज्जत बरी हो जाएगा!!!
अंकल डेको के जबड़े सख्ती से एक-दूसरे पर जम गए थे-
अब सरकारी वकील ही नागराज का केस लड़ेगा।
जज हेनर की हत्या के पश्चात् अपनी जान के डर से नागराज का केस कोई भी वकील अपने हाथ में नहीं लेगा।

और सरकारी वकील बिका हुआ होगा।
अब नागराज के बचने की सिर्फ एक ही सूरत है!
तुम्हें नागराज के डिफेंस में उतरना होगा।
म...मुझे?
क्यों? क्या तुम वकील नहीं हो?
मैं देश के सबसे नामी-गिरामी वकील टर्नर के विरुद्ध? इम्पॉसिबल?
उफ! मैं रिस्क नहीं ले सकती अंकल। मुझे अपनी हार की परवाह नहीं। लेकिन अगर मैं सफल ना हुई तो नागराज को सजा हो जाएगी और इस अपराधबोध के साथ मैं जिंदा नहीं रह पाऊंगी।
नागराज को बचाने की कोशिश ना करने के अपराधबोध के साथ जी पाओगी?

और फिर तुम देश के सबसे नामी-गिरामी वकील के विरुद्ध नहीं लड़ने जा रही हो। तुम लड़ने जा रही हो सारी दुनिया के लिए लड़ने वाले उस शख्स के लिए, जिसे दुनिया नागराज कहती है...
...वो भी तो लड़ता है सारी दुनिया के लिए।
क्या अपनी जान के डर से वो भी चुपचाप बैठ जाए? वो लड़ता है और जीतता है।
वो जीतता है सिल्वो। मेरी बच्ची वो इसलिए जीतता है क्योंकि वो लड़ता है! जीतने की पहली सीढ़ी लड़ना ही है।
सिल्वियानो इस जंग को लड़ने के लिए तैयार हो चुकी थी।
नागराज!!
सिल्वियानो तुम?
मैं जानता था तुम आओगी सिल्वियानो।
हां मैं जानता था कि सिल्वियानो आएगी।

बहुत घमंड से कहा था मैंने इसे।
मैंने तुमसे कहा था कि मुझे तुमसे कभी कानूनी मदद की जरूरत नहीं पड़ेगी। मगर मुझे वास्तव में तुम्हारी मदद की जरूरत आ पड़ी।
लाओ फाइल लाओ। कहां हस्ताक्षर करने हैं मुझे?
कितनी मुश्किल परिस्थिति में भी तुम कितने कूल हो। नागराज मुझे मालूम है तुम्हें इस कानूनी लड़ाई की जरूरत नहीं है। तुम जब चाहे इस कैद से निकल सकते हो। मगर तुम कानून की इज्जत कर रहे हो।
नागराज। अब मेरा पहला काम तुम्हें जमानत दिलाना होगा।
इसे क्या पता कि इस गिरफ्तारी से कितना आहत हूं मैं।
नागराज की पेशी पर खचाखच भरी थी मजिस्ट्रेट जिमस्पियर की कोर्ट!
योर-ऑनर। नागराज एक विश्व-प्रसिद्ध हस्ती है। नागराज यदि चाहे तो अपनी नाग शक्तियों का इस्तेमाल करके पुलिस की कैद से भाग सकता है। लेकिन वो किसी भी देश के कानून की इज्जत करता है। मैं अदालत से उसकी जमानत स्वीकार करने की प्रार्थना करती हूं...
...और अदालत को भरोसा दिलाती हूं कि केस का फैसला होने तक नागराज रोम को छोड़ कर नहीं जाएगा।
ऑब्जेक्शन मी लार्ड!
नागराज को मर्डर वेपन सहित घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया है। उसे खून करते हुए एक नहीं, दो नहीं, एक दर्जन लोगों ने देखा है। नागराज खतरनाक है, जमानत पर छूटकर उन गवाहों को मार सकता है।
गवाहों के बयान के बाद!
केस के मौजूदा हालात में नागराज को जमानत नहीं दी जा सकती। केस की अगली सुनवाई दो दिन के बाद इसी अदालत में होगी। तब तक नागराज को जेल में रखा जाए।
ESiti Forum

तुम्हें छुड़ाने के लिए मैं कुछ भी करूंगी नागराज?
हां नागराज कैद जो हो गया है।
एंटोनिनो!
35 कत्लों का आरोप है तुम पर क्लूजियो!
छत्तीसवें का नाम अपनी डायरी में लिख लो।
नागराज है उसका नाम! वो तुम्हारी जेल में आ रहा है।
जेल में ही तुम्हें उसकी कब्र बनानी है।
नागराज जिंदा नहीं बचेगा।
नागराज जेल का मेहमान बन चुका था।
यही है वो हरी मौत नागराज, जिसने विश्व के आतंकवादियों और उन्हें सपोर्ट देने वाले खूंखार अपराधियों की नींदें उड़ा रखी हैं।
आज खुद हत्या के आरोप में पकड़ा गया।
हाथों में हथकड़ी पड़ी हो तो कर्तव्य भी गुनाह बन जाते हैं।

क्या मैं आज तक गुनाह कर रहा था?
ये सम्मान कैसा लग रहा है आंतकहर्ता नागराज? हाहाहा।
चुप कर। कहीं नागराज को गुस्सा आ गया तो नाग से कटवा देगा।
वेलकम इन जेल नागराज!
क्या हत्यारा हूं मैं भी?
मिलो 35 मासूम लोगों को बेदर्दी से कत्ल कर देने वाले इटली के सबसे बड़े हत्यारे क्लूजियो कार्लो द किलर से। इसीलिए पहनाए गए हैं मुझे 50-50 किलोग्राम वजन के ये आयरन शूज ताकि कहीं मैं जेल से फरार ना हो जाऊं।
हम्फ!
थड़!!!
अरे! ये तो जिंदा है।
क्या इन्हीं में से एक हूं मैं भी?
अरे कोई पानी पिलाओ नागराज को। देखो उसे, बेहोश है या मर गया।
ताज्जुब है? एक किक से मर गया। क्या यही है विश्व आतंकवाद का दुश्मन आतंकहर्ता नागराज?
ये कालकोठरी...
...जंजीरों की खनखनाहट।

अपशब्द बोलती ये खुरदरी आवाजें।
अब जिंदा नहीं रहेगा।
नरक के साए....
मेरा दो सो किलो का वजन तेरी कलाइयों को मसल देगा नागराज।
कानून से पहले तुझे फांसी मैं दे दूंगा।
क्या मेरे कर्म इसी लायक थे?
सांसें रुक रही हैं मेरी।
क्या मेरी कसम का यही सिला मिलना था मुझे?
ESiti Forum

मुझे अपनी ताकत पर घमण्ड हो चला था।
अब यह घमण्ड टूट चुका है।
दबोच लो नागराज को।
मुझे आतंक के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा नहीं बनना चाहिए था।
अब क्या करेगा नागराज?
खून की उलटियां करेगा।
मैंने गुनाह किया है।
मेरे गुनाह की यही सजा है।

कि मुझे मौत मिले।
इन्हीं के हाथों सही।
आज इसकी आत्मा इसके शरीर से आजाद हो जाएगी।
उम्रकैद से तो बेहतर मौत होगी।
उम्रकैद की कालकोठरी में तड़प-तड़प कर मरा तो शायद कोई और आतंकवाद के खिलाफ कसम ना खाए।
और आजाद हो जाएगा आतंकवाद!
नहीं!
आतंकवाद को हरने के लिए नागराज जिंदा रहेगा।
आतंकवाद
आजाद नहीं
होगा।

मरेगा आतंकवादी।
मैं चाहता तो तुम्हें अभी मौत दे देता लेकिन मौत की इस जेल में तुम्हारे लिए मौत का इंतजार भी दर्दनाक होगा।
मैं इटली जिस मकसद से आया हूं...
...वो मकसद मैं पूरा करके ही जाऊंगा।
इन घूंसों के धमाके इटली माफिया के कानों के परखच्चे उड़ा देंगे।
थड़
ESiti Forum

कहानी 19 पेज से जारी

नागराज को मौत देने का अरमान रखने वालों...
...अपनी गर्दनों पर फौलाद के कवच चढ़ा लो।
नागराज आंतकवाद के लिए यमराज का यमपाश है।
बख्शेगा नहीं।
तुम्हारा वार वाकई जानलेवा था क्लूजियो।
बताओ। तुमने मुझ पर हमला क्यों किया?
मेरी जगह पर कोई और होता तो तुम्हारा घूंसा खाकर उसकी खोपड़ी चार टुकड़ों में बंट जाती और भेजा बाहर आ जाता।

हमला तो मैं तुम पर करता रहूंगा नागराज। अपनी मौत तक तुम्हें कुछ नहीं बताऊंगा क्योंकि मैं 'ओमेर्टा' से बंधा हूं।
ओफ्फ!
ओमेर्टा?
कोड ऑफ साइलेंस। यानी चुप। चुप और सिर्फ चुप। माफिया का कोई भी आदमी जब 'ओमेर्टा' से बंध जाता है तो पकड़े जाने पर चुप रहकर उसे 'कोड-ऑफ-साइलेंस' का पालन करना पड़ता है।
'ओमेर्टा' से बंधे दल के मेम्बर और उसके परिवार की सुख-सुविधाओं का ध्यान माफिया रखता है। मुझसे कोई भी पूछताछ व्यर्थ है नागराज।
तो फिर अपने जेल से निकलने की उम्मीद छोड़ दो।

...तुम खुद कह चुके हो कि तुम पर 35 कत्लों का आरोप है। मुझे ये नागभाला तुम्हारे सीने में पेवस्त करने में जरा भी दुःख नहीं होगा।
और तुम्हारी मौत के बाद तुम्हारे लिए तुम्हारे परिवार को होना या ना होना कोई मायने नहीं रखता।
उफ! तुम समझ नहीं रहे नागराज। मुझे यहां तुम्हें मारने का आदेश मिला है और मेरा परिवार उन लोगों के निशाने पर है...
...हममें से किसी एक को मरना ही होगा। दोनों में से एक की मौत की खबर उन तक पहुंचना जरूरी है।
...वरना मेरे परिवार की मौत की खबर मुझ तक पहुंचेगी और वो निर्दोष हैं। मेरी पत्नी और मेरे दोनों बच्चों को मेरे गुनाहों की सजा नहीं मिलनी चाहिए।
मैं उन्हें बचाऊंगा!
...बदले में तुम मुझे वो नाम बताओ जिसने तुम्हें मुझे खत्म करने का आदेश दिया है।
तुम जेल में रहकर उन्हें कैसे बचाओगे?
ये सोचना मेरा काम है। तुम अपने परिवार के बारे में बताओ।
ESiti Forum

मैं बताता हूं। लेकिन साथ-साथ लड़ाई भी जारी रखो। क्योंकि हमें वॉच किया जा रहा है। मेरी पत्नी का नाम है...
"...ऐडा कार्लो!"
डेली। इस रेलिंग को पार करने की कोशिश मत करो। उधर व्हाइट टाइगर है।
झुक झुक
ओ मॉम, डोंट वरी। मैं उसे दोस्त बनाऊंगा।
वो तुमसे शेक-हैंड नहीं करेगा, बल्कि तुम्हारे हैंड का ब्लड-शेक बना कर सटक जाएगा।
हां बेटा। वो शेर है। तुम्हारा क्लास-मॉनिटर नहीं।
GIORDINO ZOOLOGICO
टटोलियो क्लूजियो देर कर रहा है। उसे उसकी फैमिली की चीखें सुनाओ।
यस बॉस!
डेढ़ दर्जन बदमाशों ने चिड़ियाघर पर धावा बोला था-
चिड़िया घर पर हमारा कब्जा है। कोई और अंदर ना आए।

एक-एक की शक्ल देखते फिरेंगे तो बहुत समय लगेगा। चिड़ियाघर में जितने भी दर्शक आए हुए हैं, उन सबको एक ही जगह पर इकट्ठा करो।
कुछ ही मिनटों बाद-
डोंट मूव! डोंट मूव!
हिलना मत। कोई गलत हरकत नहीं। वरना जान से जाओगे!
"लो! सुनो! उन लोगों ने मेरे परिवार को बंधक बना लिया है..."
...वो उन पर हिंसकता दिखा रहे हैं।
मुझे तुम्हें खत्म करना होगा। या तुम्हारे हाथों खुद खत्म होना होगा।
तुम मूर्ख हो। तुम्हें मेरा इंतजार करना होगा।
थड़!!!
उफ!
तुम्हारे परिवार को बचाना मेरा फर्ज है। तुम अपना वादा याद रखना।

क्लूजियो देख भी ना पाया था कि नागराज कैसे सलाखों के पार होता चला गया था।
नागराज जैसे ही बाहर निकला।
झप्पी सिंह तुम यहां?
ओ भापा जी। जल्दी से टैक्सी में बैठो। जब से आप अंदर गए हो। तब से यहीं पर खड़ा हूं भापा जी कि पता नहीं कब आपको मेरी टैक्सी की जरूरत पड़ जाए।
टटोलियो के होंठों पर वीभत्स हंसी थी।
हम तुम्हारा शिकार करेंगे। जाओ। भागो। जाकर कहीं छुप जाओ।
ओफ्फ!
मॉम! आह!
तुम ऐसा नहीं कर सकते। वो मासूम हैं।
हम ऐसा कर चुके हैं।
जिंग
जिंग
तुम अभी तक यहीं हो। जाओ भागो।
अब तो नागराज भी जेल में है। वो भी मदद को नहीं आ सकता।

कौन कहता है?
स्वूssssश
थड़!!!
क्लूजियो नागराज को खत्म नहीं कर पाया। उसकी फैमिली को खत्म कर दो।
वो उस तरफ भागी है! किल दैम।
वो रहे!
शूट दैम!!!
जिंग
जिंग
जिंग
जिंग

डूस! डेली! तुम्हें तैरना आता है। कम ऑन।
लेकिन मॉम! वहां मगरमच्छ हैं।
वो हमें खा जाएंगे।
डरो नहीं। ये चिड़ियाघर के मगरमच्छ हैं जिनका पेट हर वक्त भरा रहता है।
शायद आज वो भूखे थे।
छपाक!!!
मॉम! मगरमच्छ हमारी ओर आ रहे हैं।
तेजी से तैरो। हमें किनारे की तरफ जाना चाहिए।
गरड़
मगरमच्छ अपने शिकारों को हाथ से कैसे निकलने देते।
मगर कोई उनकी इस कोशिश को पूरी तरह से असफल करने के मूड में था।
स्क्रीssssश
हिस्स
मॉम! सांपों से इनका मुंह किसने जकड़ दिया?

तुम मुझे नागराज कह सकते हो प्यारे डूस!
नागराज!
मुझे पकड़े रहो और डरना बिल्कुल मत!
टटोलियो पागल शिकारी कुत्ते की तरह ढूंढ रहा था।
वो इधर ही आए थे कहां गए? इस ओर तो मगरमच्छों का बाड़ा है!
CROCODILE
टटोलियो। स...सांप!
य...यहां सांपों को बाड़े में नहीं रखते क्या?
एक सांप रास्ता काट गया तो होश उड़ गए...

...पूरा नागराज सामने आ जाएगा तो क्या करोगे?
मार देंगे।
जिंग - जिंग
जिंग
तो फिर ठीक है। अब तुम भी शिकारी और मैं भी शिकारी।
थड़!!!
अब तुम मेरी ताक में। मैं तुम्हारी ताक में।
GIRRAF
देखेंगे कौन किसका शिकार करता है?
जिंग
भून दो उसे।
जिंग

गर्दन नीचे करो बड़े मियां वो गोली है गर्दन के पार हो जाएगी।
मैंने जिराफ की गर्दन पर सांप लिपटे देखे।
कहां गया? अभी तो यहीं कूदा था।
वो यहीं कहीं झाड़ियों में छुपा होगा। ढूंढो उसे।
GIANT TURTLE
हाहाहा। नागराज तू इन्हें ही बचाने आया था ना?
नागराज। मेरे साथ चलो। मैं तुम्हें अपने दोस्तों से मिलवाऊंगा।
उफ! डूसा उधर मत जाओ।
अब ना ये लोग बचेंगे और ना तू!!!

जिंग
जिंग
जिंग
हिस्स
हिस्स
सांय
सांय
जिंग
स्क्रीssssश
थड़
जिंग
कछुआ ना भी हो तो क्या होगा? नागराज तो है।
जिंग
जिंग
ये कछुवा कब तक बचाएगा इन्हें। हाहाहा।

जिंग
जिंग
नागराज!
अब नहीं रहेगा। हाहाहा।
मेरी ओट से बाहर मत आना।
कब तक रहेगा तू और कब तक रहेगी तेरी ओट। हाहाहा।
जिंग
जिंग
जिंग
शिकार से पहले मैं तुम्हें एक बात तो बताना ही भूल गया था...
...कि मुझ पर गोलियां असर नहीं करतीं।

उंह!!!
थम्बा!!!
पुलिस के आने का इंतजार करो।
हेऽऽऽ! असली शिकारी नागराज है।

...नफरत बांटोगे तो जहर मिलेगा।
आप फिक्र मत करो मेडम जी। आपको मैं वहां पहुंचा दूंगा जहां मुझे नागराज ने कहा है।

जेलर हतोने के चेहरे पर अविश्वसनियता के भाव थे।
नामुमकिन! नागराज मेरी जेल में है।
यहां से मेरी इजाजत के बिना किसी की आत्मा तो बाहर जा सकती है, मगर शरीर नहीं एंटोनिनो साब।
जेल में हड़कम्प मचा।
कोई कह रहा है नागराज को 'जू' में देखा गया है। नागराज जेल से बाहर कैसे चला गया?
ये नहीं हो सकता सर।
यही तो मैं कह रहा हूं। जेलर हतोने की जेल से नागराज तो क्या, हवा भी बाहर नहीं जा सकती।
देखा!
जेलर हतोने को खबर मिल चुकी है। वो यही देखने आया है।
हां। मुझे यहां देखकर ठीक से हैरान भी नहीं हो पा रहा है।
वो चुप नहीं बैठेगा बहुत बड़ा सनकी है। कुछ करेगा जरूर।

जेलर हतोने तो चला गया। अब तुम अपनी शर्त पूरी करो।
मेरी फैमिली कहां है?
वो मेरी एक दोस्त सिल्वियानो के यहां सुरक्षित है।
तो फिर सुनो नागराज। जेल में तुम्हें खत्म कर देने का आदेश मुझे गेला बैंक के मालिक एंटोनिनो ने दिया था। वो तुम्हें अपने समधि की हत्या का कारण समझता है।
"डक लेक केसिनो में उससे तुम्हारी मुलाकात हो सकती है। महीने की आखिरी तारीख को केसीनो में अंडरवर्ल्ड के आदमियों के अलावा कोई नहीं जीतता।"
"जीता हुआ सारा पैसा माफिया संगठन के पास पहुंचाया जाता है जिसका प्रयोग आतंकवादी गतिविधियों में किया जाता है।"
फट फट फट
वो लोग आ गए एंटोनिनो सर।
पैसा तैयार है।

तैयार है रोजेक कातलियो भी
खचचाक
आह!
अपनी हत्या से पहले केपो रैंगटो केपो बास्तोने से अपनी मीटिंग के बारे में मुझे बता चुका था। ये जानने के तुरंत बाद मैंने खुद को संगठन से अलग कर लिया था! तो ये पैसा केपो डी टूटी केपी को देने का सवाल ही नहीं उठता।
ना कोई घात ना कोई प्रतिघात। ये किन बकरों को मेरे हाथों कटवाने के लिए ले आए एंटोनिनो सर। चारों एक ही वार में कट गए। बिल्कुल भी मजा नहीं आया काटने का।
कचचाक
ESiti Forum

मजा आएगा रोजेक कातलियो। मजा आएगा तुझे! क्योंकि तेरा अगला शिकार नागराज है। जो जल्दी ही केसीनो में आने वाला है।
नागराज!
अहा! नागराज का नाम सुनकर मेरी कुल्हाड़ी के मुंह में पानी आ गया!
नागराज कैसे आएगा?
पहना दो इसे भी आयरन शूज। अब हिल भी नहीं पाएगा नागराज। जेल से निकलना तो दूर की बात है। हाहाहा।
मैंने कहा था ना वो पक्का सनकी है। कुछ करेगा जरूर।
नागराज भी चुप नहीं बैठेगा।

अब
तुम्हारा क्या होगा
नागराज? कैसे निकलोगे
फौलादी जूतो की इस
कैद से?
ऐसे!
ये...ये
तो जादू था!

तुम तो जादूगर हो नागराज!
जादू कहां से सीखा?
मुझे भी सिखा दो!
जादू नहीं क्लूजियो!
सीखना है तो इंसानियत सीखो।
वही अब तुम्हें इस कैद से मुक्ति दिला सकती है।
कैसीनो! यानी सरकारी मान्यता प्राप्त आधुनिक जुआघर।
वेलकम!
थैंक्यू!

यहां नसीब बनते हैं।
यहां नसीब बिगड़ते हैं।
इतने लोगों में बैंकर एंटोनिनो के आदमियों का पता कैसे लगेगा?
एंटोनिनो के आदमी यहां चीटिंग मैकेनिज्म से जीत रहे होंगे।
मुझे ड्रामा दिखाने के लिए खेलना होगा।
कम ऑन। कम ऑन। नम्बर टैन।
नम्बर पांच।
घर्रर्रर्रर्र
नम्बर सिक्स। नम्बर सिक्स।
ESiti Forum

नम्बर पांच!!
5
H'CHERR!...
खड़ड़ड़!!!
कोई हर गेम जीतता जाए। इतना उज्ज्वल नसीब...
...तुम्हारे अलावा और किसी का नहीं हो सकता नागराज!!!
एंटोनिनो आखिर तुम आ ही गए मेरे सामने।

तुम्हारे सामने मैं नहीं आया नागराज...
तुम्हारी मौत आई है।
वो देखो!
यहां सिर्फ वही रुके, जिसे अपनी और नागराज की भयानक मौत का तमाशा देखना हो।
उसका नाम रोजेक कातलियो है। एक कत्ल रोज करता है। ज्यादा की गिनती नहीं।
वार जानलेवा था-
कड़ड़ड़ाक
हाहाहा। इसी के गुण गा रहे थे एंटोनिनो। यह तो मेरा एक वार भी नहीं झेल सका।
क्या रोजेक का कुल्हाड़ा पी सका नागराज का खून?
देखें कैसे खेली गई.... आंख मिचौली